# खेल एवं युवा कार्यक्रम के क्षेत्र में
# भारतीय गणतंत्र की सरकार के
# युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
# तथा
# मॉरिशियस गणतंत्र की सरकार के
# युवा एवं खेल मंत्रालय
# के बीच सहयोग पर
# समझौता ज्ञापन

भारतीय गणतंत्र की सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा मॉरिशियस गणतंत्र की सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय (यहाँ से आगे एकाकी रूप से ' पक्ष ' तथा सामूहिक रूप से ' पक्षों ' के रूप में संदर्भित होगें) ।

खेल एवं युवा कार्यक्रम के क्षेत्रों में वर्तमान द्विपक्षीय मैत्रिक तथा सहकारी संबंधों को बढ़ाना तथा मजबूत करना चाहते है ।

पारस्परिक लाभ हेतु खिलाड़ियों तथा संबंधित व्यक्तियों तथा युवाओं पर केंद्रित कार्यक्रमों के आदान-प्रदान से अपने मैत्रीपूर्ण संबंधों को प्रोत्साहित एवं विकसित करने की इच्छा करते हुए,

निम्नलिखित समझौते पर पहुँचे है :

## अनुच्छेद I
## सामान्य उद्देश्य

समझौता ज्ञापन, परस्पर आदान-प्रदान एवं पारस्परिक लाभ के आधार पर दोनों पक्षों के मध्य खेल अनुसंधान, विकास एवं उत्कृष्टता और युवा मामलों में सहयोग हेतु आवश्यक ढ़ांचा उपलब्ध करायेगा ।

## अनुच्छेद II
## सहयोग के क्षेत्र

उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु, दोनों पक्ष खेल एवं युवा कार्यक्रमों में निम्नलिखित सहयोग क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यक्रमों, अनुभवों, कौशल, तकनीको, जानकारियों, दस्तावेजों तथा ज्ञान के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित एवं बढ़ावा देंगे ।

क) हॉकी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, एवं बैडमिंटन समेत विभिन्न खेल विधाओं में युवा/कनिष्ठ खेल टीमों का आदान-प्रदान ।

ख) पदधारियों का आदान-प्रदान ।

ग) खेल विज्ञान में प्रशिक्षण एवं अनुसंधान ।

घ) तकनीक, अवसंरचना, डोपिंग, खेलों से संबधित जानकारी, उनके प्रलेखीकरण कार्यक्रम के क्षेत्रों में आदान-प्रदान तथा प्रशिक्षण ।

ङ.) युवा नीतियों, युवा विकास कार्यक्रमों तथा युवा संगठनों के साथ परीचित होने हेतु युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम ।

च) इस समझौता ज्ञापन के ढांचे के अंतर्गत परस्पर फायदे के लिए सहमत सभी अन्य क्षेत्र एवं आवश्यक समझे जाने वाले मामले ।

## अनुच्छेद III
## सहयोग के प्रकार

इस एम ओ यू के ढांचे के अंतर्गत सहयोग में सम्मिलित होंगे ।

क) हॉकी, क्रिकेट, वॉलीबॉल तथा बैडमिंटन समेत विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञों, अधिकारियों, प्रशिक्षकों तथा टीमों का आदान-प्रदान ।

ख) खेल कार्यक्रमों के विकास हेतु सामग्री का आदान-प्रदान ।

ग) खेल विज्ञान तथा अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग ।

घ) बैठकों, सम्मेलनों तथा परिसम्मेलनों द्वारा मेल जोल ।

ङ.) खेल दस्तावेजों एवं साहित्य का आदान प्रदान । एवं

च) युवा संगठनों तथा युवा विकास कार्यक्रमों से परिचित होने हेतु 10-20 युवाओं का युवा शिष्ट मंडल तथा युवा संगठनों के प्रतिनिधियों का 5-7 दिनों की अवधि हेतु आदान-प्रदान ।

## अनुच्छेद IV
## वित्त पोषण

खेल प्रतिनिधि मंडलों, टीम, प्रशिक्षकों, अधिकारियों तथा युवा शिष्ट मंडलों का आदान प्रदान दोनों पक्षों द्वारा सहमत एक वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार होगा । मेज़बान पक्ष के क्षेत्र में आऐ हुऐ भ्रमणकारी शिष्ट मंडलों/टीमों के आवास, निर्वाह, आंतरिक परिवहन का व्यय मेज़बान पक्ष ही वहन करेगा । मेज़बान पक्ष द्वारा निर्धारित स्थान से आने-जाने की हवाई टिकटों का व्यय भ्रमणकारी पक्ष वहन करेगा । यदि किसी एक पक्ष के हित के लिए यात्रा की जाती है तो, वही पक्ष व्यय का वहन करेगा ।

## अनुच्छेद V
## कार्यान्वन

दोनो पक्ष बैठकों, डाक तथा अन्य साधनों द्वारा इस एम ओ यू के ढांचे के अतंर्गत कार्यक्रमों के कार्यान्वन तथा विकास पर सहमत होगें । प्रत्येक पक्ष अपने कार्यक्रमों के भागों के कार्यान्वन हेतु समन्वय के लिए उत्तरदायी होगा । दोनो पक्ष कार्यक्रमों पर कार्यान्वन से पूर्व वर्ष के अंतिम तिमाही में हस्ताक्षर करेंगें ।

## अनुच्छेद VI
## संशोधन

इस एम ओ यू में पारस्परिक लिखित सम्मति द्वारा किसी भी समय संशोधन किया जा सकता है ।

## अनुच्छेद VII
## विवाद समाधान

इस एम ओ यू के निर्वचन या उपयोजन के संबंध में उठे किसी भी विवाद को दोनों पक्षों द्वारा सौहार्दपूर्ण तरीके से मंत्रणा या वार्ता द्वारा सुलझाया जाएगा ।

## अनुच्छेद VIII
## प्रभाव में आना, वैद्यता और, पर्यवसान

यह एम ओ यू हस्ताक्षर की दिनांक से लागू होगा तथा पर्यवसान होने तक वैध रहेगा । कोई भी पक्ष दूसरे पक्ष को इस एम ओ यू के पर्यवसान की इच्छा से छह माह का नोटिस देकर किसी भी समय इस एम ओ यू का पर्यवसान कर सकता है । इस एम ओ यू की वैद्यता के समय में आरंभ कार्यक्रम पूरे होने तक इसके प्रावधानों द्वारा विनियमित होंगे ।

दिनांक 7 फरवरी, 2012 को नई दिल्ली में, दो मूल प्रतियों, अंग्रेजी और हिंदी में, दोनों ही प्रतियाँ विश्वसनीय तथा वैद्य है । तथापि निर्वचन से संबंधित किसी शंका में, अंग्रेजी प्रति ही अभिमानी होगी ।

| | |
|---|---|
| (श्रीमती प्रनीत कौर)<br>विदेश राज्य मंत्री | (डा० अरविन बुल्लेल्ल)<br>विदेश, क्षेत्रीय एकीकरण और<br>अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री |
| भारतीय गणतंत्र की सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की तरफ से | मॉरिशियस गणतंत्र की सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय की तरफ से |